कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31.03.2025

विषयः- अवैध देशी रिवाल्वर .32 बोर के साथ थाना चितईपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व थानाध्यक्ष चितईपुर के नेतृत्व में थाना चितईपुर पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त अतुल कुमार दुबे पुत्र हौसिला प्रसाद दुबे निवासी ग्राम-रामपुर बल्ली परवा थाना-चिल जनपद-मिर्जापुर उम्र करीव 26 वर्ष को एक अदद अवैध देशी रिवाल्वर .32 बोर के साथ अन्तर्गत धारा- 3/25 आर्म एक्ट में दिनांक 31.03.2025 को गिरफ्तार किया गया । अग्रेतर विवेचनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक- 31.02.2025 को नेवादा संन्तुष्टि हास्पिटल के पास दो पक्षों के मध्य जमीन के कब्जे को लेकर वाद-विवाद हो रहा था कि एक व्यक्ति के संदीग्ध प्रतीत होने पर पुलिस वाले दौड़ाकर पकड लिए, पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पुछा गया तो अपना नाम अतुल कुमार दुबे पुत्र हौसिला प्रसाद दुबे निवासी ग्राम-रामपुर बल्ली परवा थाना-चिल जनपद-मिर्जापुर उम्र करीव 26 वर्ष बताया एवं भागने का कारण बताते हुए कहा कि मेरे पास एक देशी अबैध रिवाल्वर .32 बोर है जिस कारण आप सभी को देखकर पकड़े जाने के डर से मै भागने लगा । उपरोक्त अभियुक्त अतुल कुमार दुबे को अवैध देशी रिवाल्वर .32 बोर के साथ नेवादा संन्तुष्टि हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया गया ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0- 0046/2025 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।

बरामदगी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 31.03.2025 स्थान- नेवादा संन्तुष्टि हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया गया ।

बरामदगी का विवरण- एक अदद अवैध देशी रिवाल्वर .32 बोर

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. निकिता सिंह थाना प्रभारी थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।
2. उ0नि0 रवि पाण्डेय चौकी प्रभारी सुन्दरपुर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।
3. हे0का0 सत्येन्द्र कुमार थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।
4. का0 विनोद थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
5. का0 सुजीत कुमार थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।